नव भारत
राष्ट्रीय का प्रहरी 1934 से
भोपाल 70 वां वर्ष संस्करण

# समावेशी विकास मकसद

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समिट के पहले सत्र को किया संबोधित





**जोहान्सबर्ग, 22 नवंबर. जी20 समिट में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से मुलाकात की और वैश्विक सहयोग पर विस्तृत चर्चा की. इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने नासरेक एक्सपो सेंटर में पीएम मोदी का औपचारिक स्वागत किया.**

प्रधानमंत्री मोदी ने समिट के पहले सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि वैश्विक विकास के मौजूदा मानकों पर गहराई से पुनर्विचार करने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्षों से जी20 ने दुनिया की अर्थव्यवस्था और विकास के ढांचे को दिशा दी है, लेकिन वर्तमान मॉडल ने बड़ी आबादी को संसाधनों से वंचित कर दिया है और प्रकृति के अति-दोहन को बढ़ावा दिया है। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि इन चुनौतियों का सबसे अधिक असर अफ्रीका में महसूस किया जाता है। यह पहली बार है जब जी20 समिट अफ्रीका में आयोजित हो रहा है।

पीएम मोदी ने समावेशी विकास, जलवायु संकट, क्लाइमेट रेजिलियंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर भारत का दृष्टिकोण रखा. उन्होंने कहा कि ग्लोबल साउथ की आवाज को सशक्त करने और विकासशील देशों की प्राथमिकताओं को वैश्विक एजेंडा में शामिल करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है. समिट के दौरान पीएम मोदी ने ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और कई अन्य विश्व नेताओं से मुलाकात की. लूला के साथ मुलाकात के दौरान दोनों नेता गर्मजोशी से गले मिलते दिखाई दिए.

### अमेरिका के बायकॉट के बावजूद घोषणा-पत्र मंजूर


- ट्रम्प के जी20 समिट को बायकॉट करने के बावजूद बाकी देशों ने साउथ अफ्रीका के बनाए घोषणा पत्र को आपसी सहमति से मंजूर कर लिया है.
- साउथ अफ्रीका राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने बताया कि सभी देशों का अंतिम बयान पर सहमत होना बेहद जरूरी था.
- शुक्रवार को जी20 देशों ने बिना अमेरिकी भागीदारी के ही घोषणा पत्र का ड्राफ्ट तैयार कर लिया था. व्हाइट हाउस ने इसे शर्मनाक कदम बताया.
- दक्षिण अफ्रीका चाहता था कि जी20 देश गरीब देशों की जलवायु आपदा से लड़ने में मदद करें.

# 36600 करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले

## सीएम ने उद्योगपतियों को दिलाया भरोसा और कहा-करेंगे सहयोग

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 22 नवंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में अनेक क्षेत्रों में निवेश की विद्यमान संभावनाओं को साकार करने के लिए सभी मिलकर कार्य करेंगे. मध्यप्रदेश सरकार की 18 नवीन निवेश नीतियां निवेशकों को आकर्षित कर रही हैं. निवेशकों के लिये आवश्यक हुआ तो इन नीतियों की परिधि के बाहर जाकर भी उद्योगपतियों को हरसंभव सहयोग प्रदान किया जायेगा.**



मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार पलक-पांवड़े बिछाकर सभी निवेशकों का स्वागत कर रही है. हम हैदराबाद के निवेशकों के साथ एक नई डोर जोड़ने के लिये आये है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हैदराबाद में अनेक उद्योगपतियों ने मध्यप्रदेश में निवेश की इच्छा जताई है. इसमें 36 हजार 600 करोड़ रूपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए जिससे लगभग 27 हजार 800 रोजगार सृजित होने की संभावना है.

( शेष पेज 12 पर )

### हमारी जोड़ी हीरा-मोती की तरह

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि मैं बाबा महाकाल की नगरी से हूं. मध्यप्रदेश देश का एक मात्र राज्य है, जहां हीरा निकलता है. तेलंगाना राज्य में मोती निकलते हैं। इस प्रकार से हमारी जोड़ी हीरा-मोती की तरह है. हैदराबाद के लोग मोती की पहचान कर लेते हैं, उनके लिए आदमी पहचानना तो बहुत आसान है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हैदराबाद एक ऐसा शहर है, जो भविष्य को भांप कर आगे बढ़ता है. इसका अर्थ यह है कि हैदराबाद आने वाले समय का अनुमान लगाने में सक्षम है.

## सीएम डॉ. यादव ने हैदराबाद में ग्रीनको कंपनी का किया दौरा

**भोपाल, 22 नवंबर.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को हरित ऊर्जा क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही ग्रीनको कंपनी के हैदराबाद स्थित मुख्यालय का दौरा किया. इस अवसर पर उन्होंने कंपनी की अत्याधुनिक तकनीकों, ऊर्जा संरक्षण प्रणालियों और नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन से जुड़े विभिन्न प्रोजेक्ट्स का बारीकी से अवलोकन किया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्रीन एनर्जी आज राष्ट्र के विकास का सबसे मजबूत स्तंभ बनती जा रही है. ग्रीन एनर्जी प्रोडक्शन और इसके एक्सप्लोरेशन की दिशा में ग्रीनको समूह का योगदान अनुकरणीय और सराहनीय है.

## शिवसेना (शिंदे गुट) के 35 विधायक भाजपा में होंगे शामिल : सामना

**मुंबई, 22 नवंबर.** शिवसेना (उद्धव गुट) के मुखपत्र सामना में शनिवार को छपे संपादकीय में दावा किया गया है कि उप-मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना के 35 विधायक जल्द ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होंगे। सामना के एक संपादकीय के मुताबिक, ऑपरेशन लोटस ने शिंदे के आदमियों को लालच देकर उन्हें उनकी जगह दिखानी शुरू कर दी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शिंदे की इस शिकायत पर हंसे बिना नहीं रह सके कि रवींद्र चव्हाण ने उनके लोगों को बड़ी रकम देकर बहलाया है।

# कश्मीर में बनी थी ब्लास्ट की प्लानिंग

**01** हजार से ज्यादा लोगों से की पूछताछ

**10** नवंबर को दिल्ली में हुआ था ब्लास्ट

**फरीदाबाद, 22 नवंबर. दिल्ली में 10 नवंबर को हुए ब्लास्ट की जांच में फरीदाबाद के व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल की साजिश अब पूरी तरह सामने आ रही है. एजेंसियों के मुताबिक इस मॉड्यूल की प्लानिंग बेहद खतरनाक थी.**



**एनआईए ने कश्मीर से लेकर अल-फलाह यूनिवर्सिटी और नूंह के रास्ते दिल्ली में किए गए ब्लास्ट की पूरी साजिश क्रैक की है.**

जांच टीम ने इस मॉड्यूल के संपर्क में आए 1,000 से ज्यादा लोगों से पूछताछ की. इससे पता चला कि मॉड्यूल को सुसाइड बॉम्बर तैयार करने, ड्रोन अटैक कराने और लोन वुल्फ हमले तक की जिम्मेदारी सौंपी गई थी. यानी एक ही नेटवर्क के जरिए कई तरह के हमले कराने की प्लानिंग चल रही थी.

### आरोपी वानी ने वकीलों से मुलाकात की मंजूरी मांगी

दिल्ली ब्लास्ट को अंजाम देने वाले आतंकी डॉ. उमर मुहम्मद के साथी जसीर बिलाल वानी ने एनआईए कोर्ट में एक अर्जी दी है. उसने एजेंसी हेडक्वार्टर में अपने वकीलों से मिलने की इजाजत मांगी है. सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी. एनआईए ने जसीर बिलाल वानी को आतंकवादी डॉ. उमर का एक्टिव को-कॉन्स्पिरेटर बताया है.

**बैठक** | व्हाइट हाउस में न्यूयॉर्क शहर के भावी मेयर जोहरान ममदानी का गर्मजोशी से किया स्वागत

# ट्रंप ने कहा-हां कह दो मैं तानाशाह हूं

**वाशिंगटन 22 नवंबर. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में न्यूयॉर्क शहर के भावी मेयर जोहरान ममदानी का गर्मजोशी से स्वागत किया और ममदानी की चुनावी जीत की प्रशंसा की. श्री ममदानी ने इस महीने की शुरुआत में न्यूयॉर्क के मेयर चुनाव में जीत हासिल की थी.**



अमेरिका की मीडिया ने पूछा कि क्या ट्रंप तानाशाह है तो ट्रंप ने तपाक से कहा हां कह दो मैं तानाशाह हूं. श्री ट्रम्प और श्री ममदानी के बीच बैठक लगभग 30 मिनट तक चली और इससे दोनों नेताओं के बीच एक सहयोगात्मक संबंध की शुरुआत हुई, जो दोनों नेताओं के लिए एक अप्रत्याशित क्षण था. इससे कुछ दिन पहले तक दोनों नेता एक-दूसरे पर हमला करने का कोई मौका नहीं छोड़ते थे.

मीडिया में कई महीनों तक तीखे प्रहार और अपमानजनक बयानबाजी के बाद, नवनिर्वाचित मेयर और राष्ट्रपति ने अपने मतभेदों को भुलाकर ओवल ऑफिस पहुंचे. श्री ट्रंप, जिन्होंने मेयर चुनाव अभियान के दौरान बार-बार श्री ममदानी को कम्युनिस्ट कहकर उनका मजाक उड़ाया था.

### लोकतंत्र ऐसे ही चलना चाहिए : थरूर

**नई दिल्ली.** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट किया है. थरूर ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और ममदानी की तस्वीर को साझा किया और लिखा कि लोकतंत्र को ऐसे ही काम करना चाहिए. चुनावों में अपनी बात के लिए जोश से लड़ें, बिना किसी बयानबाजी की रोक-टोक के. लेकिन एक बार जब यह खत्म हो जाए और लोग अपनी बात कह दें, तो उस देश के आम हितों के लिए एक-दूसरे का साथ देना सीखें, जिसकी सेवा करने का आप दोनों ने वादा किया है.

